CENTRE OF EXCELLENCE

GOVERNMENT COLLEGE SANJAULI,

SHIMLA-06

{NATIONAL SERVICE SCHEME}

A Report on

संजौली महाविद्यालय में स्वयंसेवियों संग दिव्यांगो ने जगाई देशभक्ति की अलख।

उतकृष्ट शिक्षा केन्द्र राजकीय महाविद्यालय संजौली की एनएसएस

इकाई द्वारा आज स्तंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के साथ – साथ सक्षम संस्था द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी का भी आज अंतिम दिन था। जिसमें नेत्रहीन दिव्यांगो को

इलैक्ट्रानिक गेजेट्स का इस्तेमाल करना सिखाया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले दिव्यांगो ने बहुत ही सुरीले देशभक्ति गीत गाए। संजौली एनएसएस इकाई के स्वयंसेवी मनोज और आस्था ने मंच का संचालन किया।अवंतिका पामटा,सुनामी मेहाइक, प्रियांशु चंदेल,

अमीशा ठाकुर,स्नेहा ठाकुर और रिया ठाकुर ने देशभक्ति नृत्य किये .मुकेश वर्मा, अतुल ठाकुर, ज्योति, अकांक्षी शर्मा, वंदना शर्मा, दिक्षीत शर्मा और गुरुदेव शर्मा तथा अन्य विद्यार्थियों ने कविता तथा देशभक्ति गीतों से समां बांधा।

कार्यक्रम में संजौली महाविद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय डॉ चंद्रभान मेहता जी व अन्य प्रध्यापक गण भी उपस्थित रहे।

प्राचार्य जी ने बताया कि हमारे देश को मुक्ति दिलाने के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राण न्यौछावर किए है , इसीलिए हमारा कर्तव्य है कि हम इस आजादी और अपने तिरंगे का सम्मान करें तथा युवाओं की यह जिम्मेदारी है कि देश को प्रगति की ओर लेकर जाएं।

संजौली महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकास नाथन ने स्वयंसेवियों की सराहना की और साथ ही में उन्होंने सक्षम संस्था तथा प्राचार्य

महोदय का कार्यक्रम में पधारने पर धन्यवाद किया।

#independenceday #2022

#onenation

Reported by : Anamika